नेटलपैच फार्म

हेटी बकरी

अबीगैल पाइज़र

हिंदी: छाया भदौरिया

नेटलपैच फार्म

नेटलपैच फार्म

हेटी बकरी

अबीगैल पाइजर

हिंदी: छाया भदौरिया

नेटलपैच फार्म में गर्मी का समय है।

फार्म पर मिस्टर पॉटर, मिसेज पॉटर

और उनकी छोटी बेटी एमी रहते हैं।

खेत के सभी जानवर धूप में बाहर हैं।

बत्तखें तालाब में तैर रही हैं।

सूअर और गायें खेतों में चर रही हैं।

बिलिंग्सगेट दीवार पर आराम से सिकुड़कर बैठी है।

हेटी बकरी भी धूप का आनंद ले रही है।

वह लगभग एक वर्ष की है, और यह उसकी पहली गर्मी है।

दिन लंबे होते हैं, और वह उन्हें वही करते हुए बिताती है

जो उसे सबसे अच्छा लगता है - खाना!

उसे घास खाना पसंद है।

उसे बिच्छू घास खाना पसंद है,

और उसे ब्लूबेरी खाना पसंद है - यहाँ तक कि उसका डंठल भी!

हेटी लगभग कुछ भी खा लेगी।

एक सुबह, जब हेटी खेत के बगीचे में थी,

उसने श्रीमती पॉटर को सब्ज़ी के बगीचे में काम करते हुए देखा।

फिर हेटी सब्जियों को देखती है – वहाँ उसकी कतारें ही कतारें हैं।

फार्महाउस में टेलीफोन की घंटी बज रही है।

श्रीमती पॉटर जल्दी से अंदर जाती हैं।

हेटी दरवाज़े की ओर देखती है।

वह फार्महाउस को देखती है।

फिर वह सब्जियों को देखती है।

एक ही क्षण में वह दरवाज़े के पार होती है।

वह सलाद के पत्ते कुतरती है। वह फलियों को कुतरती है।

वह मीठी मटर का स्वाद लेती है।

लेकिन तभी श्रीमती पॉटर वापस आती हैं।

"तुमने क्या किया, लालची बकरी?

श्रीमती पॉटर ने हेटी का पीछा करते हुए

उसे बगीचे से बाहर भगाया।

हेटी जानती है कि वह शरारती है।

इसलिए हेटी को एक रस्सी से एक खंभे से बाँध दिया गया है। हालांकि यह काफी लंबी रस्सी है। हेटी को यह पसंद नहीं है। और वह अभी भी भूखी है। वह इसे चबाने की कोशिश करती है। वह उसे चबाती जाती है और चबाती जाती है जब तक.....

वह सीधी उस दरवाज़े तक न पहुँच जाए जो सीधा सब्ज़ी के बगीचे की ओर जाता है।

यह तो बंद है।

तभी उसे घर के पास कुछ धुले हुए कपड़े एक कतार में दिखाई देते हैं।

वह जींस को थोड़ा-सा कुतरती है।

वह एक टी-शर्ट को भी कुतरती है। वह मोज़ों पर भी मुँह मारती है।

ये सब उसे उतने ही अच्छे लगे जितनी कि सब्ज़ियाँ।

हेटी को मिस्टर पॉटर की पतलून बहुत पसंद है!

जैसे ही वह मिस्टर पॉटर की एक शर्ट खाना शुरू करती है,

उसे एक चीख सुनाई देती है। श्रीमती पॉटर ने उसे देख लिया।

इस बार हेटी को एक खूँटे से साँकर में बाँध दिया गया।

वह साँकर को चबाने की कोशिश करती है। लेकिन चबा नहीं पाती।

वह साँकर को खींचने की कोशिश करती है। वह जोर से खींचती है।

क्या खूँटा थोड़ा आगे बढ़ा है?

वह खींचती रहती है और खींचती रहती है जब तक कि...

...खूँटा बाहर नहीं आ जाता।

वह बड़े खलिहान के पास से गुजर रही थी तभी उसने देखा कि उसके दरवाजे खुले हैं।

हेटी कभी भी खलिहान के अंदर नहीं गई। वह अपनी मुंडी दरवाजे के अंदर घुसाकर आजू-बाजू देखती है।

खलिहान के अंदर घास की गठरियाँ ही गठरियाँ हैं - इतनी ज़्यादा घास हेटी ने अपने जीवन में कभी नहीं देखी थी।

जैसे ही हेटी घास की गठरी पर चढ़ती है, बाल्टी क्लिंक, क्लैंक करती हुई लुढ़कती है।

हैटी खाती है और बस खाती ही जाती है। बाल्टी क्लिंक, क्लैंक करती हुई लुढ़कती जाती है: हेटी कुतरती हुई आगे बढ़ती है। वह इतना अधिक खा लेती है कि उसे काफी असुविधा होती है। वह मुश्किल से खड़ी हो पाती है! तभी मिस्टर पॉटर खलिहान में आते हैं।

मिस्टर पॉटर गुस्से में हैं।

और देखते हैं कि हेटी ने अपनी ज़रूरत से ज़्यादा खा लिया है।

हेटी को अपने ऊपर बहुत शर्म महसूस होती है।

हेटी का पेट इतना भर गया है कि वह चल नहीं सकती।

मिस्टर पॉटर उसे उठाते हैं और वापस खेत तक ले जाते हैं।

इस बार हेटी को बाँधने की जरूरत नहीं है।

वह बहुत बीमार महसूस करती है, वह वहीं रुक जाती है।

हेटी फैसला करती है कि वह फिर कभी खाना नहीं खाएगी।
खैर, कम से कम कल तक तो नहीं।

नेटलपैच फार्म

लेखक के बारे में

अबीगैल पिज़र ने इंग्लैंड के हैरो में 'हैरो स्कूल ऑफ़ आर्ट' में अध्ययन किया और उनके पास चित्रण में डिग्री है। 1982 में कॉलेज छोड़ने के बाद से, उन्होंने एक फ्रीलांस इलस्ट्रेटर के रूप में काम किया है। नेटलपैच फ़ार्म बुक के अलावा, वह *हैरीज़ नाइट आउट* और *नोसी गिल्बर्ट* की लेखिका और चित्रकार हैं। एक महान पशु प्रेमी के रूप में, वह अपनी अधिकांश किताबें जानवरों के बारे में लिखती हैं।